आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की 20वीं बैठक

प्रिलिम्स के लिये:

आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की 20वीं बैठक, आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी, महामारी, आपूर्ति शृंखला, खाद्य सुरक्षा, मुक्त व्यापार समझौता

मेन्स के लिये:

आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की 20वीं बैठक, भारत-आसियान संबंध

स्रोत: पी.आई.बी.

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **इंडोनेशिया के सेमारंग** में **आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की 20वीं बैठक** आयोजित की गई, यह **भारत तथा आसियान सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने की** दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

बैठक के प्रमुख बिंदु:

- **आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना:**
  - इस बैठक में आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने, **दोनों पक्षों के लिये पर्याप्त लाभ सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित** किया गया।
  - मंत्रियों ने **महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा** देने के महत्त्व पर प्रकाश डाला।
    - भारत और आसियान के बीच **वर्ष 2022-23 में 131.5 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ।** वर्ष 2022-23 में भारत के कुल वैश्विक व्यापार में आसियान के साथ हुए व्यापार की हिस्सेदारी 11.3% थी।
- **आसियान-भारत व्यापार परिषद (AIBC):**
  - इन मंत्रियों ने आसियान-भारत व्यापार परिषद के साथ भी संवाद किया और वर्ष 2023 में AIBC द्वारा आयोजित की गई समस्त गतिविधियों को ध्यान में रखा जिनमें 6 मार्च, 2023 को कुआलालंपुर में आयोजित किया गया 5वाँ आसियान-भारत व्यापार शिखर सम्मेलन भी शामिल था।
    - AIBC वर्ष 2005 में आसियान और भारत की सरकारों द्वारा गठित एक संगठन है, जिसका उद्देश्य घनिष्ठ व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देना तथा आसियान व भारत के बीच आर्थिक संबंधों को व्यापक एवं गहरा करने के लिये**एक औद्योगिक परिप्रेक्ष्य प्रदान करना** है।
  - इसके तहत **नॉन-टैरिफ बैरियर** (NTB) के संबंध में **विभिन्न व्यवसायों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर बात की गई** , जिसमें दोनों पक्षों के हितधारकों के बीच बढ़ते आदान-प्रदान और संबंधों पर प्रकाश डाला गया।
    - NTB से आशय किसी भी प्रकार की ऐसी बाधा अथवा प्रतिबंध से है जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में व्यवधान उत्पन्न करता है **लेकिन इसमें आयातित वस्तुओं पर प्रत्यक्ष टैरिफ या सीमा शुल्क लगाना शामिल नहीं है** । सामान्य या उत्पाद-विशिष्ट कोटा, आयातक देश द्वारा निर्यातक देशों पर लगाई गई गुणवत्ता शर्तें, अनुचित स्वच्छता और पादप-स्वच्छता (Phyto-Sanitary) स्थितियाँ आदि NTB के कुछ उदाहरण हैं।
- **क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों का समाधान:**
  - क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों के जटिल परिदृश्य के बीच मंत्रियों द्वारा**कोविड-19 महामारी, जलवायु परिवर्तन, वित्तीय बाज़ार की अस्थिरता, मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनाव के बहुआयामी प्रभावों पर चर्चा की गई।**
  - साथ ही सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई जिनमें मज़बूत **आपूर्ति शृंखला, खाद्य सुरक्षा,** ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय स्थिरता आदि शामिल हैं।
- **AITIGA समीक्षा - एक प्रमुख एजेंडा:**
  - इस वर्ष की बैठक का एक महत्त्वपूर्ण बिंदु आसियान-भारत माल व्यापार समझौते (AITIGA) की गहन समीक्षा था, जिस पर मूल रूप से वर्ष 2009 में हस्ताक्षर किये गए थे।

- चर्चा से पहले **AITIGA संयुक्त समिति की बैठक** हुई, **जिसमें** समीक्षा के रोडमैप पर **विचार-विमर्श किया गया।**
- **इस प्रक्रिया के दौरान AITIGA समीक्षा वार्ता के लिये संदर्भ की शर्तों और कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया।**

- **अनुमोदन और समीक्षा की शुरुआत:**
  - मंत्रियों ने आधिकारिक तौर पर AITIGA के लिये समीक्षा दस्तावेज़ों का समर्थन किया, जिससे**पूर्व-निर्धारित तौर-तरीकों के साथ बातचीत की औपचारिक पहल का मार्ग प्रशस्त हुआ।**
  - AITIGA समीक्षा की शुरुआत भारतीय व्यवसायों की लंबे समय से चली आ रही मांग को संबोधित करती है और **मुक्त व्यापार समझौते (FTA)** को व्यापार के लिये अधिक अनुकूल और पारस्परिक रूप से लाभकारी बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।
  - वर्ष 2025 तक AITIGA समीक्षा को पूरा करने के उद्देश्य से वार्ता के त्रैमासिक कार्यक्रम पर सहमति व्यक्त की गई।
    - इस समीक्षा प्रक्रिया से मौजूदा व्यापार असंतुलन को दूर करने के साथ-साथ **व्यापार विविधीकरण में वृद्धि** लाने की उम्मीद है।

दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान):

- **परिचय:**
  - यह एक **क्षेत्रीय समूह** है जो आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग को **बढ़ावा** देता है।
  - इसकी स्थापना **अगस्त 1967** में **बैंकॉक**, थाईलैंड में आसियान के संस्थापक सदस्यों अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी।
  - इसके सदस्य राज्यों के नामों (अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम) के आधार पर इसकी अध्यक्षता प्रतिवर्ष परिवर्तित होती रहती है।
  - आसियान देशों में अनुमानित 666.19 मिलियन लोग रहते हैं तथा इनका समग्र **सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product-GDP) 3.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** है।
  - अप्रैल 2021-फरवरी 2022 की अवधि में भारत तथा आसियान देशों के बीच वस्तुओं का व्यापार 98.39 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया है। भारत के मुख्य व्यापारिक संबंध वाले देशों में इंडोनेशिया, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और थाईलैंड शामिल हैं।
- **सदस्य:**
  - आसियान दस दक्षिण-पूर्व एशियाई राज्यों (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) का संगठन है।

//

??????????:

प्रश्न. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये: (2018)

1. ऑस्ट्रेलिया
2. कनाडा
3. चीन
4. भारत
5. जापान
6. यू.एस.ए.

उपर्युक्त में से कौन-कौन आसियान (ए.एस.इ.ए.एन.) के 'मुक्त व्यापार भागीदारों' में से हैं?

(a) केवल 1, 2, 4 और 5
(b) केवल 3, 4, 5 और 6
(c) केवल 1, 3, 4 और 5
(d) केवल 2, 3, 4 और 6

उत्तर: (c)

प्रश्न. 'रीजनल काम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (Comprehensive Economic Partnership)' पद प्रायः समाचारों में देशों के एक समूह के मामलों के संदर्भ में आता है। देशों के उस समूह को क्या कहा जाता है? (2016)

(a) G20
(b) ASEAN
(c) SCO
(d) SAARC

उत्तर: (b)

?????:

प्रश्न. शीतयुद्धोत्तर अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के संदर्भ में भारत की पूर्वोन्मुखी नीति के आर्थिक और सामरिक आयामों का मूल्यांकन कीजिये। (2016)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/20th-asean-india-economic-ministers-meeting